यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India
भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking
आन्ध्रा Andhra कार्पोरेशन Corporation

<u>14 राज्यों में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की शाखाओं में ई-स्टांपिंग सुविधा का डिजिटल शुभारंभ</u>

दिल्ली *15 नवंबर 2022*: यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने भारत सरकार के "डिजिटल इंडिया" के विजन को गति प्रदान करते हुए, स्टॉक होल्डिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसएचसीआईएल) के सहयोग से, अपने कार्यपालक निदेशक श्री निधु सक्सेना द्वारा, ई-स्टांपिंग की सुविधा का दिल्ली में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, सरकारी कारोबार विभाग परिसर में शुभारंभ किया. श्री निधु सक्सेना जी ने इस अवसर पर बताया कि इस सुविधा से बैंक के सुरक्षित और सुलभ वातावरण में स्टाम्प शुल्क का भुगतान करने के इच्छुक व्यक्ति/ कॉर्पोरेट लाभान्वित होंगे.

ई-स्टांपिंग एसएचसीआईएल का एक कंप्यूटर आधारित एप्पलिकेशन है जो सरकार को गैर-न्यायिक स्टाम्प शुल्क का भुगतान करने का एक सुरक्षित तरीका है. संबंधित राज्य के स्टाम्प अधिनियम में लागू विभिन्न मूल्यवर्ग के स्टाम्प पेपर जारी किए जा सकते हैं. ई-स्टाम्पिंग की सुविधा अब 14 राज्यों में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की चयनित शाखाओं में उपलब्ध है और जल्द ही इसे 21 राज्यों में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की 628 शाखाओं में विस्तारित किया जाएगा. श्री निधु सक्सेना ने यह भी बताया कि बाकी राज्यों के ई-स्टाम्पिंग के विकल्प का चयन किए जाने के उपरांत उन राज्यों में भी शाखाओं में सुविधाओं का विस्तार किया जा सकता है.

शुभारंभ कार्यक्रम में उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में श्री विवेक खुराना, सरकारी कारोबार प्रमुख, एसएचसीआईएल और श्री आर के जगलान, महाप्रबंधक, सरकारी कारोबार विभाग, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और वीसी के माध्यम से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय और अंचल कार्यालयों के अधिकारीगण शामिल थे.

****